## खबर संक्षेप

### निजी स्कूल बसों के चालकों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य

**कटनी।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा दिये गये निर्देश पर जिले में विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एसएस मरावी ने सभी निजी स्कूल संचालकों को स्कूल बसों के चालकों का पुलिस सत्यापन कराने के निर्देश जारी किए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी श्री मरावी द्वारा जारी निर्देश के अनुसार निजी स्कूल, जो छात्र-छात्राओं को लाने-ले जाने के लिए वाहन का उपयोग करते हैं, उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके सभी वाहन चालकों का पुलिस सत्यापन सही हो। सत्यापन सही पाए जाने पर ही चालक को नौकरी पर रखा जाए। इस निर्देश का मुख्य उद्देश्य भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को रोकना है और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूल संचालकों, प्राचार्यों और प्रधानाध्यापकों से इस संबंध में एक प्रमाण पत्र जल्द से जल्द कार्यालय में जमा कराने को कहा है। पत्र में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि इस निर्देश का पालन न करने और भविष्य में किसी भी अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर संबंधित स्कूल के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### जिले में अब तक 726.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से मंगलवार 5 अगस्त तक कुल 726.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 973 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 698.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 3.9 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 743.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 973 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 632 मिलीमीटर, बरही तहसील में 574 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 679.8 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 677.9 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 844.2 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 683.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### 13 मवेशियों को भेजा गया कांजी हाउस

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुपालन एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में नगर निगम की हांका गेंग के कर्मचारियों द्वारा सोमवार रात्रिकालीन भी निरंतर अभियान चलाकर घुमंतू गोवंशों को शहर के मुख्य मार्गों से हटाते हुए सुरक्षित गोशाला एवं कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें बताया कि अभियान के तहत गठित दल के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा आवंटित क्षेत्रों मिशन चैक, बरगवां, माधवनगर गेट रिलायन्स पेट्रोल पंप से कलेक्ट्रेट कार्यालय होते हुए मित्तल मॉल, बिलहरी मोड़ से पीरबाबा तक सहित मुख्य मार्ग से 13 आवारा मवेशियों को झिंझरी स्थित कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही 70 आवारा मवेशियों को हांका लगाते हुए नगर निगम सीमा से बाहर किया गया है।

### फसल बीमा कराने की अंतिम तिथियों में हुई वृद्धि

**कटनी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 की फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथियों में वृद्धि की गई है। अऋणी किसानों के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 14 अगस्त कर दी गई है। ऋणी किसान अब 30 अगस्त तक फसलों का बीमा करा सकेंगे। अऋणी कृषक अपनी फसल का बीमा कराने के लिए अपनी नजदीकी बैंक शाखा (सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक या राष्ट्रीयकृत बैंक), जनसेवा केंद्र या एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### कोतवाली तिराहा से लेकर दिलबहार चौराहा तक राहगीरों की हो रही फजीहत

# त्यौहारी भीड़ के बीच ई रिक्शा की धमा चौकड़ी से पैदल चलना भी हो रहा कठिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शहर में यातायात व्यवस्था पहले से ही डगमगाई हुई है। अस्थायी अतिक्रमण के साथ ही फुटपाथ दुकानदारों एवं हाथ ठेला वाले कारोबारियों के चलते आवागमन कछुआ चाल से चलता है। मौजूदा समय में रक्षाबंधन पर्व को लेकर शहर के मुख्य मार्ग के बीच में दुकानें सज गई है जिससे और भी परेशानी बढ़ गई है। पर्व नजदीक होने के चलते खरीदारी करने लोगों की खासी भीड़ भी उमड़ रही है। दोपहिया वाहनों के साथ जहां पैदल लोगों को भी आवागमन में परेशानी हो रही है। ऊपर से ई रिक्शा चालकों की धमा चौकड़ी से दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर के कोतवाली तिराहा से लेकर दिलबहार चौराहा तक सुबह 10 बजे से लेकर शाम के 9 बजे तक भारी दवाब बना रहता है। ई रिक्शा चालकों का रूट तय नहीं होने की वजह से बड़ी संख्या में ई रिक्शा चालक बीच बाजार से वाहन निकाल रहे हैं। बीच सड़क में दुकानें लगी होने एवं दोनो ओर वाहनों की पार्किंग की वजह से सड़क 10 फीट से कम चौड़ाई की बचती है। लोगों की भीड़ होने के चलते यातायात चलने की बजाए घिसटता नजर आ रहा है।

#### ध्यान नहीं दे रहे जिम्मेदार

त्यौहार के समय यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जैसे जैसे रक्षा बंधन पर्व के दिन नजदीक आ रहे हैं वैसे वैसे बाजार में भीड़ बढ़ती जा रही है। ऐसे में ई रिक्शा एवं चारपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक नहीं लगाये जाने के चलते जहां आवागमन में परेशानी हो रही हैं वहीं हादसे होने का भी डर बना हुआ है। ई रिक्शा चालक कहीं भी वाहन खड़ा कर सवारियों को उतारने एवं बैठाने लगते हैं जिससे जाम लग जाता है। लोगों का कहना है कि प्रशासनिक अधिकारियों को त्यौहार को लेकर यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए पहल करनी चाहिए जिससे अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।



## आंगनबाड़ी केन्द्रों में दी जा रही स्तनपान के महत्व की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्तनपान के महत्व एवं शिशु के लिए इसकी आवश्यकता पर जागरूकता फैलाने के लिए प्रत्येक वर्ष 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम है- इनवेस्ट इन ब्रेस्टफीडिंग, इनवेस्ट इन फ्यूचर। स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी पर्यवेक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा माताओं से गृह भेट कर गर्भवती एवं धात्री माताओं को स्तनपान के महत्व एवं शिशु के लिए माँ का पहला गाढा पीला दूध क्यों आवश्यक है, के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही माताओं एवं परिजनों के साथ चर्चा सत्रों का आयोजन कर बच्चे के जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान के महत्व की जानकारी भी दी जा रही है।

वहीं परियोजना स्तर पर रैली के माध्यम से स्तनपान सप्ताह के बारे में जनजागरूकता का कार्य किया जा रहा है। दीवारों पर नारे लेखन के माध्यम से भी स्तनपान के महत्व के बारे में संदेश दिया जा रहा है। साथ ही सामुदायिक बैठकों का आयोजन कर भी बाल स्वास्थ्य सूचकांक में सुधार हेतु स्तनपान के महत्व पर कार्ययोजना निर्माण और अन्तर्विभागीय समन्वय पर कार्य किया जा रहा है।

## जनसुनवाई का कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को विजयराघवगढ़ में आयोजित जनसुनवाई का औचक निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं को सुन कर निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया । इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत भी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम को विकासखंड मुख्यालय स्तर तक पहुंचा कर समस्याओं और शिकायतों के निराकरण की अभिनव पहल की है। कलेक्टर स्वयं विकासखंड मुख्यालय पहुंच कर जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता की समस्याओं को जानते और सुनते हैं। इसके पहले होता यह था कि ग्रामीण जन की जो समस्याएं अनुविभाग, तहसील और विकासखंड स्तर पर निराकृत नहीं हो पाती थी, वे मंगलवार को जनसुनवाई में अपनी समस्याएं बताने कटनी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचते थे। लेकिन अब कलेक्टर श्री यादव लोगों के पास खुद जाकर उनकी शिकायतों और समस्याओं से अवगत होते हैं।

#### अधिकारियो को दिये निर्देश

कलेक्टर श्री यादव ने जनसुनवाई में पहुंचे जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद विजयराघवगढ़ क्षेत्र के अपने-अपने विभागों की योजनाओं और कार्यक्रमों के मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन का जायजा लेना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री यादव ने डीईओ एसएस मरावी और डीपीसी श्री तिवारी को स्कूलों में नामांकन, साइकिल वितरण और पाठ्य-पुस्तकों के वितरण कार्य का जायजा लेने और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रतिभा पांडेय को आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने तथा उपसंचालक कृषि और जिला वितरण अधिकारी अमित तिवारी एवं सहायक आयुक्त सहकारिता श्री कुरील को उर्वरक बिक्री केंद्र और समर्थन मूल्य पर मूंग व उड़द उपार्जन केन्द्र का अवलोकन करने निर्देशित किया है।

#### 148 लोगों की सुनीं समस्यायें

कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता एवं प्रदीप कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों ने 148 आवेदकों की समस्याओं को सुना और निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित किया।

### महाविद्यालय में हस्तशिल्प राखी मेले का आयोजन



स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मे आने वाली राखी त्यौहार को लेकर हस्तशिल्प राखी मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। छात्र –छात्राओं ने राखी रुमाल के स्टॉल लगाए। साथ ही भेलपुरी, फ़्रूट, इटली –डोसा, मेहंदी, फुलकी स्टाल लगाए गए। विद्यार्थियों सहित महाविद्यालय स्टॉफ के द्वारा विभिन्न चीजों को खरीदकर खाया गया। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ प्रीत नेगी ने बताया कि शिक्षित बेरोजगार न रहे विभिन्न प्रकार के स्व रोजगार स्थापित कर आमदनी कर सकता है। इस दिशा मे छात्र –छात्राओं को दिशा प्रदान की गईं। आने समय मे वृहद स्तर पर अर्न बाय फन मेला आयोजित किया जायेगा। इस दौरान डॉ प्रीत नेगी,डॉ प्रीति यादव, डॉ, डॉ भारती यादव, डॉ शैलेन्द्र जाट, डॉ अशोक पटेल,अनिल शाक्य, अंजना पांडेय, कमलेश चौधरी सहित छात्र –छात्राओं व महाविद्यालय स्टॉफ की उपस्थिति रही।

## देश के केंद्र बिंदु के जीर्णोद्धार और पर्यटन विकास की मांग, विधायक ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



करौंदी स्थिति देश का भागौलिक केंद्र बिंदु वर्षों से उपेक्षा की मार झेल रहा है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद स्मारक आज रखरखाव के अभाव में बदहाल है। सुंदर नक्काशी और सुंदरता बर्बाद होती जा रही है। देश के हृदय स्थल आज खुद अपनी पहचान बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। ऐतिहासिक स्थल की यह दुर्दशा देखने के बाद हर पर्यटक निराश लौटता है। डॉ.राममनोहर लोहिया का सपना था कि देश के केंद्र बिंदु में एक अंतरराष्ट्रीय आदर्श गांव बसाया जाए, लेकिन निधन के बाद उनका सपना भी चकनाचूर हो गया। प्रशासन भी देश की इस धरोहर का संरक्षण नहीं कर सका और यह स्थल गर्त में समा गया। केंद्र बिंदु की दुर्दशा की समाचार पत्रा में प्रमुखता से उठाया गया। खबर पर संज्ञान लेते हुए बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलकर भारत के भागौलिक केंद्र बिन्दु का जीर्णोद्धार और पर्यटन स्थल के रूप में विकास की मांग को लेकर पत्र सौंपा।

मुख्यमंत्री को सौंपे पत्र में विधायक ने कहा कि बड़वारा विधानसभा के बम्हनी ग्राम पंचायत में भारत देश का भागौलिक केन्द्र बिंदु स्थित है। डॉ. राममनोहर लोहिया की पहल पर वर्ष 1956 में भारत के भौगोलिक केंद्र बिंदु की पहचान की गई थी। इसके पश्चात 1987 में एक भव्य स्मारक का निर्माण भी कराया गया था, लेकिन सुरक्षा अभाव में आज यह स्थल बदहाल स्थिति में हैं। विधायक ने कहा कि यह स्थान पर्यटन के लिहाज से अत्यंत संभावनाओं से भरा है। सरकारी उपेक्षा के चलते यह इतिहास और भूगोल दोनों से कटता जा रहा है। अगर केंद्र बिंदु का जीर्णोद्धार और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए, तो न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि यह भारत की पहचान

*किसी भी प्रकार की समस्या के लिए कंट्रोल रूम में करें शिकायत*

## जिले में पहुंची 835 मीट्रिक टन यूरिया, किसानों को ज़रूरत के मुताबिक मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले में वर्तमान में खरीफ फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक मंगलवार को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इसके पहले बीते शुक्रवार को भी 1030 मीट्रिक टन यूरिया जिले को मिली थी। इस प्रकार अब किसानों की जरूरत के लिए जिले में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है।

जिले के लिए मंगलवार को 835 मीट्रिक टन यूरिया की एक और रैक आ गई है। नीम कोटेड यूरिया उर्वरक की रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर लग गई है। जहां से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 150 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 130 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 300 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी को 50 मीट्रिक टन, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा को 55 मीट्रिक टन, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल एवं एमपी एग्रो कटनी को 30-30 मीट्रिक टन यूरिया आबंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सभी खाद दुकानों के बाहर सूचना बोर्ड अवश्य लगाने के निर्देश दिए हैं। इस बोर्ड में प्रत्येक उर्वरक की उपलब्ध मात्रा का विवरण और इसी के सामने उर्वरक की दर लिखवाने की हिदायत कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को दिया है।

कलेक्टर श्री यादव ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एंव बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220071 पर दे सकते हैं।

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर मंगल दिवस पर आयोजित हुई गोदभराई

## 6 माह तक मां का दूध ही बच्चे के लिए अमृत समान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



महिला एवं बाल विकास एकीकृत परियोजना बहोरीबंद में 1 अगस्त से विश्व स्तनपान सप्ताह अभियान का आगाज हुआ। अभियान के तहत विविध कार्यक्रम चल रहे हैं। अभियान के तहत मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष ग्राम एवं सुपोषण दिवस का आयोजन हुआ।

#### एक घंटे के अंदर पिलाएं दूध

ग्राम पंचायत चरगवाँ मैं आयोजित कार्यक्रम मे पर्यवेक्षक कंचन माला ने माताओ को जागरूक करते हुए कहा कि शिशु को मां का पहला गाढ़ा दूध 1 घंटे के अंदर पिलाने से बच्चे में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। बच्चा कुपोषण से दूर और मानसिक विकास के लिए यह बहुत उपयोगी होता है। मां का दूध बच्चे के लिए अमृत समान होता है। वह न केवल उसके शारीरिक विकास बल्कि मानसिक विकास के लिए भी जरूरी है। स्तनपान से बच्चे के साथ साथ मां को भी कई प्रकार के शारीरिक और मानसिक फायदे होते हैं। इसलिए बच्चे को मां का पहला गाढ़ा दूध पिलाना अति आवश्यक है।

6 माह तक के बच्चों को केवल स्तनपान ही पर्याप्त भोजन है। किसी प्रकार का ऊपरी आहार ना दें।

#### स्तनपान से शिशु को होने वाले फायदों की जानकारी

वहीं बहोरीबंद मै आयोजित गोदभराई कार्यक्रम मे पर्यवेक्षक रानी ठाकुर ने स्तनपान से शिशु को होने वाले फायदों को बतलाया कि से 1 साल से कम उम्र के शिशु को डायरिया रोग से लड़ने की ताकत मिलती है। मां के स्तन से पहली बार निकलने वाला दूध के साथ गाढ़ा पीले रंग का द्रव भी आता है। यह कोलोस्ट्रम कहलाता हैं। यह शिशु को संक्रमण से बचाने और प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करता है। शिशु के लिए मां का दूध सुपाच्य होता है। इससे बच्चों पर चर्बी नहीं करती स्तनपान से उम्र के साथ होने वाली बीमारी जैसे रक्त कैंसर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप का खतरा कम हो जाता है। यह बच्चों के दिमागी विकास में सहायक होता है। बच्चों की बौद्धिक क्षमता भी बढ़ती है। इससे बच्चे और मां में भावनात्मक रिश्ता भी मजबूत होता है। मां का दूध उसी तापमान से मिलता है जो उसके शरीर का है। इससे शिशु को सर्दी नहीं लगती है।

मंगलवार को मंगल दिवस के अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म भी की गई।इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,सहायिका व महिलाओं की उपस्थिति रही।

## हाईकोर्ट से मामले के निराकरण होने तक लाल कमल बंसल बने रहेंगे बहोरीबंद जनपद अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद जनपद पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर हाईकोर्ट ने मामले पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने कहा कि जब तक हाईकोर्ट से उक्त मामले का पूर्णता निराकरण नहीं हो जाता हैं तब तक लाल कमल बंसल बहोरीबंद जनपद पंचायत के अध्यक्ष बने रहेंगे ओर अध्यक्ष पद के जो अधिकार हैं उसके तहत कामकाज भी करेंगे। हाईकोर्ट ने उक्त मामलों पर दोनों पक्षो की दलील सुनने के बाद यह राहत दी हैं। साथ ही जनपद व जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम, कलेक्टर, कमिश्नर ओर प्रमुख सचिव पंचायत विभाग भोपाल को नोटिस जारी किया हैं। लाल कमल बंसल की ओर से सीनियर अधिवक्ता जून चौधरी, जयलक्ष्मी अय्यर व रित्नेश यादव ने पैरवी की।

गौरतलब है कि जनपद पंचायत बहोरीबंद के अध्यक्ष लाल कमल बंसल के विरूद्ध 3 अप्रेल 2025 को अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था।जिसकी निर्वाचन प्रक्रिया कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी बहोरीबंद में संपन्न कराई गई।निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए थे।निर्वाचन प्रक्रिया का समय दोपहर 2 बजे निर्धारित किया गया था। जनपद अध्यक्ष लाल कमल बंसल अपने जनपद सदस्यों को लेकर दोपहर 2 बजकर 12 मिनिट पर निर्वाचन स्थल पहुँचे थे।जहाँ मौजूद प्रशासनिक अधिकारियो व पुलिस कर्मियों द्वारा गेट के अंदर प्रवेश ही नहीं दिया था! जिससे निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने से वंचित रह गये थे जिस कारण जनपद अध्यक्ष के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया था ओर लाल कमल बंसल को कुर्सी गवानी पड़ी थी।

बंसल ने न्यायालय कमिश्नर जबलपुर में अपील दायर की थी। किंतु कमिश्नर का पद रिक्त होने से समय पर सुनवाई नहीं हो सकी।

संभागायुक्त ने 4 जुलाई 2025 को लाल कमल बंसल की ओर से दायर अपील को ख़ारिज करते बड़ा झटका दिया ओर लाल कमल बंसल की अध्यक्ष पद की कुर्सी चली गईं। बंसल ने हाईकोर्ट में अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया को रिट पिटीशन दायर की जिसमें हाईकोर्ट ने अध्यक्ष के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव मामले पर जनपद व जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम व कलेक्टर को पार्टी बनाया ओर मामले पर दोनों पक्षो की ओर से दी गईं दलीलो को सुना ओर मंगलवार को प्रशासन को झटका देते हुए लाल कमल बंसल को बड़ी राहत प्रदान की।

## खबर संक्षेप



### जर्जर भवन में शिक्षा की तालीम ले रहे विद्यार्थी

**बरही।** तहसील अंतर्गत हदरहटा प्राथमिक शाला कई वर्षो से जर्जर हालत में है। बारिश होने पर पूरे छत से पानी टपकता है और छत की सीमेंट वाली पपड़ी गिरती है, नन्हे छात्र पढ़ने को मजबूर हैं। स्कूल के प्रधान अध्यापक ने बताया की इसकी शिकायत मेरे द्वारा कई बार बीआरसी अधिकारी बड़वारा व शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कर चुके हैं पर ध्यान नहीं दिया जाता। विल्डिंग न होने से जर्जर भवन में स्कूल लगाने को मजबूर हैं हमारी कोई नहीं सुनता। बारिश के मौसम में खतरा मंडराता रहता है कोई अनहोनी न हो जाए। पूरा छत व दीवारें क्षतिग्रस्त है। छात्रों के पालकों का कहना है कि जिले के कलेक्टर का ध्यानआकर्षण करना चाहते हैं की इस पर ध्यान देते हुए नवीन बिल्डिंग की व्यवस्था करवाई जायें।

### हत्या के प्रयास के आरोपित को 4 दिन की रिमांड पर लिया

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले के मास्टरमाइंड विनय वीरवानी को दिल्ली से गिरफ्तार कर कटनी लेकर आई। विनय पिछले 6 महीने से पुलिस को चकमा देकर फरार था। वह एक बार फिर दुबई भगाने के प्रयास में दिल्ली एयरपोर्ट पर पकड़ा गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस द्वारा विनय वीरवानी का जिला अस्पताल से डॉक्टरी मुलाहजा करवाकर जिला न्यायालय में पेश किया जाएगा। कोतवाली टीआई अजय सिंह ने बताया कि विनय वीरवानी को न्यायालय में पेश करते हुए 4 दिन के रिमांड पर लिया जा रहा है। विदित हो कि कोतवाली थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी गुरूनानक वार्ड में डॉक्टर पाल गली के पास 30 जनवरी 2025 की रात में एक युवा व्यवसायी पर जानलेवा हमला करने के मामले में विनय फरार चल रहा था। उक्त मामले में विनय को मास्टरमाइंड माना जा रहा था। विनय के कहने पर ही बदमाशों ने युवा व्यवसाई के ऊपर जानलेवा हमला किया था। आरोपी विनय वीरवानी को दिल्ली एयरपोर्ट में हिरासत में लिया गया है।

### युवक पर चाकू से हमला करने वाले दो गिरफ्तार

**कटनी।** जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम गृह के पास एक युवक पर चाकू से हमला करने वाले दोनों आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि रंगनाथ थाना क्षेत्र निवासी हर्ष यादव किसी कार्य से जिला अस्पताल के पीछे बने पोस्टमार्टम गृह के पास गया था, जहां पर पुरानी रंजिश के कारण कुछ युवकों ने उस पर चाकू से हलमा कर दिया। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया है। इसी मामले में पुलिस ने आरोपी आकाश विश्वकर्मा और कृष्णा खटीक को गिरफ्तार किया है। मामले की विवेचना को जा रही है।

### बीमारियों की रोकथाम हेतु कीटनाशक का छिड़काव

**कटनी।** निगमायुक्त नीलेश दुबे के आदेशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को जिला चिकित्सालय परिसर के आस पास विशेष सफाई अभियान चलाया गया। डेंगू,मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों के रोकथाम हेतु नालियों की सफाई करायी जाकर कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए सोमवार को जिला चिकित्सालय परिसर एवं आस पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया जाकर मंगलवार को जिला चिकित्सालय परिसर एवं आस-पास के क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया जाकर कचरे का उठाव, नालियों की सफाई तथा कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया गया है। मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु आगे भी दवा का छिड़काव किया जाएगा।

महापौर ने कहा शहर का विकास एवं नागरिकों को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए संकल्पित

# दो वार्डों में 38 लाख के विकास कार्यों की सौगात, गुणवत्ता का ध्यान रखने हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नागरिकों को विकास कार्यों के माध्यम से प्राथमिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा निगम सीमान्तर्गत सभी वार्डों में प्राथमिकता अनुसार विकास कार्य कराए जा रहे है,ताकि नागरिकों को सरल आवागमन बेहतर जल निकासी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा सके। विकास कार्यों के इन्ही क्रम में महापौर श्रीमती सूरी, क्षेत्रीय पार्षद संजू जीवन चौधरी,मेयर इन काउंसिल सदस्यों एवं अन्य पार्षद जनप्रतिनिधियों की गरिमा युक्त मौजूदगी में वार्ड में लगभग 23 लाख की लागत से यू.एस मेमोरियल स्कूल के पास बनने जा रहे सुलभ काम्प्लेक्स एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ।

नागरिकों द्वारा महापौर श्रीमती सूरी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए स्वागत किया जाकर संवाद करते हुए बताया कि कावसजी वार्ड में सुलभ काम्प्लेक्स एवं नाली निर्माण होने से क्षेत्रीय जनों के साथ अन्य राहगीर नागरिकों हेतु भी सुविधाजनक होगा।क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा उक्त विकास कार्य हेतु महापौर एवं स्थानीय पार्षद को धन्यवाद प्रेषित किया गया।

इसी तरह उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के नागरिकों को सुलभ जल निकासी के साथ बेहतर आवागमन मुहैया कराने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी,स्थानीय पार्षद ईश्वर बहरानी,एमआईसी सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ आचार्य कृपलानी वार्ड कैरिन लाइन में लगभग 15 लाख से होने जा रहे विकास कार्यों का भूमिपूजन वार्ड के वरिष्ठ नागरिक से संपन्न कराया।

#### पेवर ब्लाक व नाली निर्माण

आचार्य कृपलानी वार्ड में होने जा रहे विकास कार्यों को गति देने हेतु लगभग 4 लाख 30 हजार की लागत से विभिन्न स्थानों में सी.सी. नाली निर्माण कार्य होगा। वहीं लगभग 7 लाख 80 हजार की लागत से कैरिन लाईन स्कूल के पास पेवर ब्लाक फ्लोरिंग का कार्य किया जाएगा। इसी क्रम में लगभग 3 लाख की लागत से नारायण जगवानी के घर से इंद्रलाल रावलानी के घर तक भी पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग कार्य किया जाकर वार्ड वासियों को सुविधा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि वे शहर के सर्वांगीण विकास के लिये सदैव संकल्पित रहेंगी तथा आमजन से जुड़ी प्रत्येक छोटी-बड़ी समस्याओं का निदान भी अवश्य किया जाएगा इसके साथ ही स्वच्छता को लेकर भी शहर में निरंतर विशेष प्रयास योजनाबद्ध रूप से किए जा रहे है,प्रशासन और जनसहभागिता से शहर को उच्च पायदान में लाने के क्रम में हम निरंतर सफलता हासिल करेंगे।

इसके साथ ही उन्होंने वार्ड में होने जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता हेतु नागरिकों को आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिकायत या लापरवाही नहीं बरती जाएगी ।

# युवाओं को दी शासकीय योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भारत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ युवाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से मेरा युवा भारत (माय भारत) कटनी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री कौशल केंद्र में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों का स्वागत करने के बाद, जिला युवा अधिकारी कीर्तिका कुहर ने युवाओं को कार्यशाला के उद्देश्य से अवगत कराया। केंद्र संचालक वेद प्रकाश परौहा ने प्रोजेक्टर के माध्यम से युवाओं को पीएम मुद्रा योजना के बारे में विस्तार से बताया, जिसका लक्ष्य गैर-कृषि क्षेत्रों के सूक्ष्म और लघु उद्योगों को 10 लाख रूपये तक का ऋण प्रदान करना है। उन्होंने डिजिटल इंडिया इनिशिएटिव पर भी जानकारी दी, जिसका उद्देश्य ऑनलाइन बुनियादी ढांचे के जरिए नागरिकों को सरकारी सेवाएं इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध कराना है।

संस्थान के विषय विशेषज्ञ दीपभान चौबे ने कौशल भारत मिशन (पीएमकेवीवाई) के तहत युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर रोजगार और उद्यमिता के अवसर पैदा करने पर जोर दिया। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में भी बताया, जिसके तहत पारंपरिक कारीगरों और हस्तशिल्पियों को प्रशिक्षण, 500 रूपये का दैनिक भत्ता और 15 हजार रूपये की टूलकिट प्रदान की जाती है। इसके अलावा, उन्होंने स्टैंड-अप इंडिया योजना, पीएम उज्ज्वला योजना और नशा मुक्त भारत अभियान जैसी अन्य महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यशाला के अंत में, अतिथियों ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशंसा पत्र प्रदान किए। इस कार्यक्रम में श्रवण कुमार सिंह, अमर रैदास, कुणाल गौतम, बृजमोहन दहिया, दीपिका गोस्वामी, राहुल बर्मन (पीटीएस) और मनोज अहिरवाल (एमटीएस) सहित 60 से अधिक युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। पर्यवेक्षक राजकुमार अग्रवाल ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कार्यवाही करने की मांग

# कलेक्ट्रेट में फर्जी नियुक्ति एवं जर्जर स्कूल भवनों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्ट्रेट में फर्जी नियुक्ति और जिले की जर्जर स्कूल व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी ने जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर के नेतृत्व में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में दो गंभीर मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की माँग की गई।

कलेक्ट्रेट कार्यालय में रत्नेश मिश्रा नामक व्यक्ति द्वारा बिना किसी नियुक्ति आदेश के स्टेनो शाखा में कार्य किया जा रहा है। इस व्यक्ति के पास कोई वैध नियुक्ति पत्र, वेतन भुगतान रजिस्टर, या उपस्थिति रजिस्टर में नाम दर्ज नहीं है। तथ्यों के बावजूद 28/07/2025 को जिलाध्यक्ष द्वारा दिए आवेदन के बाद भी संबंधित अधिकारी द्वारा उसे हटाने की कार्यवाही न कर संरक्षण दिया जा रहा है। इस फर्जी नियुक्ति से प्रशासनिक गोपनीयता, पारदर्शिता और शासन की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लग गया है।

इसी तरह जिले के कई सरकारी स्कूल खंडहर बन चुके हैं, जहाँ बच्चों की जान जोखिम में है। चरगवां, मवई, घुघरा, सुरकी,पौडी, जुगीयाकाप ,आदिवासी टोला मोहनिया,सिहुडी जैसे ग्रामों में स्कूलों की छतें टूट चुकी हैं, दीवारें दरक रही हैं, मैदान नहीं हैं और अधूरे भवन वर्षों से खड़े हैं। बच्चों को तिरपाल और असुरक्षित कमरों में पढ़ने को मजबूर किया जा रहा है।

#### ज्ञापन में प्रमुख माँगें

1. रत्नेश मिश्रा की नियुक्ति की निष्पक्ष जाँच और दोषियों पर FIR हो। 2. सभी फर्जी नियुक्तियों की सूची सार्वजनिक की जाए। 3. जिले के सभी जर्जर स्कूल भवनों का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो। 4. चरगवां (मवई) व बहोरीबंद उत्कृष्ट स्कूल भवन घोटालों की उच्चस्तरीय जाँच हो।

जिलाध्यक्ष ने कहा क्या शासन की गोपनीय फाइलें बिना नियुक्ति व्यक्ति के हवाले की जाएँगी? क्या यह लोकतंत्र और जनता के विश्वास के साथ धोखा नहीं है? आम आदमी पार्टी ने प्रशासन से इन दोनों गंभीर मामलों पर तत्काल कार्रवाई कर जनविश्वास बहाल करने की माँग की है।

## स्थापना दिवस पर छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में सोमवार को महाविद्यालय का 67वां स्थापना दिवस मनाया गया। डॉ. वाजपेई ने पावर पॉइंट प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से महाविद्यालय के विजन और मिशन पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, अध्ययनवृत्ति योजनाएं, इंटर्नशिप और करियर गाइडेंस संबंधी विभिन्न शासकीय योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों का परिचय भी उपस्थित छात्र-छात्राओं से कराया, जिससे विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों और मार्गदर्शकों की भूमिका की स्पष्ट समझ हो सके। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें पारंपरिक लोकगीत, लोकनृत्य और देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में ﴾दिल दिया है जान भी देंगे ऐ वतन तेरे लिए﴿ जैसे देशभक्ति गीत की सामूहिक प्रस्तुति ने कार्यक्रम को ऊर्जावान और भावनात्मक स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन माधुरी गर्ग विभाग अध्यक्ष हिंदी एवं आभार प्रदर्शन डॉक्टर एस के खरे द्वारा किया गया।

# वन विभाग द्वारा लगाई गई तार फेंसिंग को चोरी करने वाले बदमाशों को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



वन विभाग द्वारा लगाई गई फेसिंग को काट कर चोरी करने वाले चोरों को उमरियापान पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि गत 3 अगस्त को वन विभाग कार्यालय उमरियापान के राजेश शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की 1 अगस्त की शाम 06 बजे से 3 अगस्त की सुबह 5 बजे के बीच किसी अज्ञात चोर ने ओरेन्ज 573 वृक्षारोपण क्षेत्र करौदीं से 6 बंडल लोहे की फेंसिंग जाली चोरी कर ली है। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद श्रीमति आकांक्षा चतुर्वेदी के दिशा निर्देशन मे थाना प्रभारी उमरियापान दिनेश तिवारी द्वारा चोरों को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई। जांच पड़ताल करते हुए संदेह के आधार पर अर्जुन कोल पिता फुल्लु कोल उम्र 26 साल निवासी बनहरा थाना उमरियापान जिला कटनी एवं गोलू कोल पिता लाल बहादुर कोल उम्र 25 साल निवासी बनहरा थाना उमरियापान जिला कटनी से पूछताछ की गई। सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने जुर्म स्वीकार कर लिया। उक्त आरोपियों से चोरी गया माल एवं घटना में प्रयुक्त प्लास वरामद कर आरोपी अर्जुन कोल एवं गोलू कोल को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

तीन चरणों में चलने वाले अभियान को लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

# जिले में चलेगा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान स्वतंत्रता का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग﴿ अभियान को जिले में तीन चरणों में व्यवस्थित संचालन हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री यादव द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रथम चरण में 8 अगस्त तक देशभक्ति के वातावरण का जागरण तथा तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम, चर्चाएं आयोजित की जाएगी। साथ ही तिरंगा से प्रेरित कला, तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा बुनाई, तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगे के लिए स्वयं सेवा, तिरंगा सजावट और प्रकाश व्यवस्था तथा सैन्य बलों के जवानों और पुलिसकर्मियों को पत्र लेखन आदि गतिविधियां निर्देशानुसार संचालित की जाएगी।

अभियान के द्वितीय चरण में 9 से 12 अगस्त तक लोगों को साथ लाने, व्यापक प्रचार-प्रसार, ध्वजों की उपलब्धता तथा सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगे की दृश्यता के लिये कार्य किये जायेंगे। स्थानीय उत्पादों पर केंद्रित तिरंगा मेला, तिरंगा केसर्ट, तिरंगा बाइक,तिरंगा साइकिल रैली, उच्च जनभागीदारी के साथ तिरंगा यात्रा, तिरंगा ध्वज की बिक्री और समुचित व्यवस्था, मानव श्रृंखला निर्माण, तिरंगा गान जैसे कार्यक्रम होंगे।

कलेक्टर द्वारा अभियान के तृतीय चरण में 13 से 15 अगस्त तक घर, कार्यालयों तथा वाहनों पर तिरंगा लगाने, सेल्फ़ी अपलोड, सर्वत्र तिरंगे की दृश्यता तथा संस्कृति मंत्रालय के साथ सूचनाओं का सतत आदान-प्रदान करने के निर्देश दिए गये हैं। इसके अलावा हर जगह तिरंगा दृश्यता, तिरंगा के साथ रिकॉर्ड इत्यादि महत्वपूर्ण कार्यक्रम किये जायेंगे। कलेक्टर ने बताया कि केन्द्रीय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त सहयोग से चलने वाले इस अभियान की परिकल्पना सामूहिक उत्सव और नागरिक एकता की भावना पर आधारित है, जिसमें स्वतंत्रता के सार को स्वच्छता और सुजलता के संकल्प के साथ जोड़ा गया है।

अभियान के दौरान स्वच्छ भारत मिशन (एसवीएम-जी) और जल-जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत गांवों, ग्राम पंचायतों में विविध गतिविधियाँ होंगी, जिनमें स्वच्छ सुजल गांव प्रतिज्ञाएं, सामुदायिक सफाई अभियान, परिसंपत्तियों की सफाई, जागरूकता गतिविधियां, जल-संरक्षण और 15 अगस्त 2025 को अमृत सरोवर, सार्वजनिक स्थानों आदि सहित प्रमुख वाश अवसंरचना स्थलों पर ध्वजारोहण समारोह शामिल है।

कलेक्टर ने ताकीद किया है कि अभियान के तहत विकासखण्डों और ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाये । इसमें स्थानीय संस्थाओं, ग्राम जल सेवा समितियों, स्वयं सहायता समूहों, पंचायती राज संस्थाओं, स्कूली बच्चों, स्वयं-सेवकों को इस अभियान का नेतृत्व करने और इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाये।

कीटनाशक दवाओं के दामों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी से किसान चिंतित

# फसलों को खरपतावार व कीटों से बचाने के लिए बढ़ रहा आर्थिक बोझ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



खरीफ सीजन के तहत किसान अपने खेतों में बोवनी के बाद अंकुरित हुई फसल में उगे कचरे को नष्ट करने के लिए खरपतवारनाशक दवाओं का छिडक़ाव इन दिनों कर रहे हैं ताकि आने वाली फसल रोग मुक्त हो सके और कचरा नष्ट होने से फसल की अच्छी पैदावार हो सके। हालांकि उन पर आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है। इसका कारण साल दर साल दवाओं के दाम में मनमानी बढ़ोतरी है। पिछले साल की तुलना में इस साल खरपतवारनाशक में 200 से 500 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी हो गई है।

क्षेत्र में बारिश होने के बाद किसान सभी जगह गांव-गांव में अपनी उड़द, धान आदि फसलों में खरपतवार नाशक और कीटनाशक दवाओं का छिडक़ाव कर रहे हैं। फसल के साथ खेतों में उगने वाली खरपतवार और कीटों से फसल को बचाने के लिए किसानों को समय-समय पर दवाओं का छिडक़ाव करना पड़ता है। किसानों को बड़ी मात्रा में खरपतवार और कीटनाशक खरीदनी पड़ती है लेकिन साल दर साल दवाओं की कीमत बढऩे से किसानों की चिंता बढ़ गई है। पिछले एक साल में खरपतवार और कीटनाशक दवाओं के दाम में वृद्धि हुई है। इसका सीधा असर किसानों के बजट पर पड़ रहा है, बावजूद इसके जिम्मेदारों का इस ओर कोई ध्यान नहीं हैं। खरीफ सीजन में खेतों की खरपतवार नष्ट करने के लिए किसानों खरपतवार नाशक दवा का छिडक़ाव करना पड़ता है। एक साल पहले खरपतवार नाशक दवा 1300-1400 रुपए, कई कंपनियों की 2000-3000 रुपए प्रति लीटर तक मिलती थी।

दवा बनाने वाली लगभग हर कंपनी ने इस साल कई प्रतिशत तक कीमत में वृद्धि कर दी है। अब यही दवा किसानों को 1400-1600 रुपए व 2000-3500 रुपये प्रति लीटर मिल रही है। इससे किसानों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इसी तरह कीटनाशक दवाओं के मूल्य में भी वृद्धि हुई है। इसका सीधा असर फसल के लागत मूल्य पर पड़ रहा है।

#### किसानों को नुकसान

किसान रामनारायण यादव, राकेश साहू,जितेंद्र ठाकुर,शिबलाल यादव आदि ने बताया कि जिस तेजी से फसल का लागत मूल्य बढ़ रहा है उसके मुताबिक उपज के मूल्य में वृद्धि नहीं हो रही है। इसलिए खेती लाभ के बजाए नुकसान का धंधा बनती जा रही है। अधिकांश किसानों का कहना है कि सरकार में पक्ष हो या विपक्ष, सभी पेट्रोल, डीजल, गैस की बात करते हैं लेकिन देश की अर्थ व्यवस्था का मूल आधार कृषि में बढ़ रही महंगाई पर किसी का ध्यान नहीं है। खाज, बीज, कृषि उपकरण के साथ खरपतवार और कीटनाशक दवाओं के मूल्य में वृद्धि के किसान आर्थिक रूप से कमजोर होते जा रहे हैं यानि खेती मैं सिर्फ लागत लगाना बस रह गया है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बहोरीबंद आरके चतुर्वेदी का कहना है कि वर्तमान समय में खरीफ सीजन की फसलों पर खरपतवार व कीटों का प्रकोप है। फसलों को बचाने के लिए कीटनाशक दवाओं का उपयोग जरूरी है,नही तो फसल उत्पादन प्रभावित होगा। कम्पनियों के द्वारा मूल्य निर्धारण किया जाता है। फिर भी किसानों को शासन स्तर से कीटनाशको दवाओं पर अनुदान प्रदान किया जा रहा है। कृषक सिर्फ कीटनाशक दवाओं का पक्का बिल लेकर कृषि विभाग को उपलब्ध कराए तो पांच एकड़ भूमि पर एक हजार रुपये का अनुदान शासन स्तर से दिया जाएगा।

# खितौली में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत खितौली में गुरुवार 7 अगस्त को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर श्री यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुख-दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

#### यहां होगा जन संवाद

जारी कार्यक्रम के अनुसार गुरूवार 7 अगस्त को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत खितौली में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा गुरुवार 14 अगस्त को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत हरदुआ कुडो में तथा गुरुवार 21 अगस्त को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में और गुरुवार 28 अगस्त को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिंनगौड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 5 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

## खबर संक्षेप

### बिना लाइसेंस के उर्वरक विक्रय करने पर दर्ज कराई एफआईआर

**दमोह।** कलेक्टर दमोह श्री सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 एवं उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 की धारा 7 के अंतर्गत तेजगढ़ थाना में देवेंद्र उर्फ बबलू असाटी द्वारा अवैध रूप से बिना लाइसेंस के यूरिया खाद विक्रय किए जाने के आरोप में एफ.आई.आर. दर्ज कराई। ज्ञातव्य है कि विगत दिवस राजस्व एवं कृषि विभाग के संयुक्त दल में तहसीलदार दमोह रॉबिन जैन, सहायक संचालक कृषि एस. एल.कुर्मी, सहायक संचालक कृषि जे.एल.प्रजापति एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर.के.जैन द्वारा ग्राम टौरी विकासखंड दमोह में गोपनीय शिकायत मिलने पर औचक निरीक्षण कर छापामार कार्यवाही की गई। किराना दुकान संचालक देवेंद्र उर्फ बबलू असाटी द्वारा दुकान के बगल से भारतीय स्टेट बैंक सेवा केंद्र के शटर वाले कमरे में अवैध रूप से यूरिया खाद विक्रय किया जा रहा था, मौके पर उपस्थित होकर संयुक्त दल द्वारा कार्यवाही करते हुये देवेंद्र उर्फ बबलू असाटी के घर एवं टावर के पास की गोदाम में 125 बोरी यूरिया, 15 बोरी डीएपी एवं 10 बोरी 20:20:0:13 उर्वरक का अवैध रूप से भंडारण पाया गया जिसे जप्त कर एवं सील बंद कर कार्यवाही की गई थी।

### रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा का निर्वाचन 25 अगस्त को

**दमोह।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा दमोह की प्रबंध समिति के 10 सदस्य/जिला प्रतिनिधि राज्य साधारण सभा के 02 सदस्य/जिला प्रतिनिधि राज्य प्रबंध समिति के 01 सदस्य के निर्वाचन की कार्यवाही 25 अगस्त 2025 को मानस भवन अंबेडकर चोक दमोह में प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगी। इस सबध में अपर कलेक्टर मीना मसराम ने बताया निर्वाचन संपन्न कराये जाने हेतु संयुक्त कलेक्टर दमोह को रिटर्निंग ऑफीसर एवं प्रभारी तहसीलदार दमोह रॉबिन जैन को सहायक रिटर्निंग ऑफीसर पदाविहित किया गया है। उन्होंने बताया निर्वाचन में भाग लेने वाले किसी आजीवन सदस्य को सूचनापत्र उनके निवास स्थान पर उनके उपलब्ध न होने या कारणवश तामील न हो पाने की स्थिति में 25 अगस्त 2025 को मानस भवन में उपस्थित होकर निर्वाचन की कार्यवाही में सम्मिलित होना सुनिश्चित करेंगे।

### छात्राओं को आयरन की गोलियां खिलाई

**दमोह।** सीएचसी तेंदूखेड़ा की टीम द्वारा एनीमिया मुक्त भारत अंतर्गत शास उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला तेंदूखेड़ा के साथ नगर अन्य विद्यालयों में आयरन की गोली सामूहिक रूप से सभी छात्राओं को खिलाने की गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान कक्षा 6 से कक्षा 12वीं तक छात्राओं को आयरन की गोलियां खिलाई गई। इस अवसर पर सीबीएमओ डॉ अशोक बड़ोनिया, प्राचार्य पी एल रैकवार, बीसीएम रामगोपाल साहू, इंद्रपाल विश्वकर्मा, दिनेश अवस्थी, यादराम अहिरवार एवं सभी शिक्षकों की मौजूदगी रही।

### विजिलेंस टीम ने मारा छापा, 41 हजार का लगाया जुर्माना

# चोरी की बिजली से संचालित हो रहा था हटा लोक सेवा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

मध्यप्रदेश शासन के अधीनस्थ संचालित हटा लोक सेवा गारंटी केंद्र विगत वर्षो से अपनी कार्य प्रणाली को लेकर हमेशा सुर्खियों में बना रहता है ऐसा ही एक है मामला फिर प्रकाश में आया है जहां विगत दिवस दमोह बिजली विभाग की विजिलेंस टीम ने अचानक छापा मारकर चोरी की बिजली से लोक सेवा केंद्र में समस्त मशीनरी संचालित की जा रही थी जहां टीम द्वारा लाइव वीडियो बनाकर जुर्माना की कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है कि हटा लोकसभा केंद्र माँ सिद्धेश्वरी कंस्ट्रक्शन कंपनी कॉन्ट्रैक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा द्वारा विगत वर्षों से संचालन किया जा रहा है जबकि लोक सेवा केंद्र के ठेकेदार द्वारा अपने ही कर्मचारी दीपक साहू के नाम से बीएल घरेलू मीटर लगवाया गया था जबकि किसी भी संस्थान या दुकान के संचालन के लिए सीएल कमर्शियल मीटर लगाया जाता है जो कि नियम विरूद्ध लगवाया गया इसके बावजूद भी गत




एक वर्ष से खंभे से खींची गई केवल में लोक सेवा की छत के ऊपर केवल में कट लगाकर विद्युत चोरी कर केंद्र का संचालन किया जा रहा था।

### वी -एप पर की गई थी शिकायत -

दरअसल मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्युत क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए वी-एप मित्र लॉन्च किया गया है जिसमें विद्युत चोरी एवं अन्य गड़बड़ियों को लेकर शिकायत दर्ज की जा सकती है जो जिसे गोपनीय रखकर 50 हजार रुपए तक का इनाम दिया जाता है जिससे सूचना कर्ता द्वारा इनाम पाने को लेकर वी-एप मित्र पर लोक सेवा केंद्र में की जा रही विद्युत चोरी की शिकायत की गई थी।

कार्यवाही के संबंध में विजिलेंस टीम के डी साब एपी प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि वी-एप मित्र पर शिकायत मिलने पर विगत दिवस हटा लोकसेवा केंद्र में टीम ने छापा मारकर जांच पड़ताल की तो छत के ऊपर केवल तार से डायरेक्ट सप्लाई कर विद्युत चोरी की जा रही थी जहां मौके पर जांच पड़ताल कर टीम ने लाइव वीडियो बनाकर एक वर्ष से की जा रही विद्युत चोरी में 41,167 रुपए के जुर्माना की कार्यवाही की गई। विद्युत मंडल की इस कार्यवाही के उपरांत यहां गौर करने वाली बात है कि जब प्रशासन द्वारा लोक सेवा केंद्र के संचालन के लिए किसी भी ठेकेदार को अनुबंध किया जाता है तो लोक सेवा गारण्टी अधिनियम की केंद्र संचालन की नियमावली के अनुसार किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधियों पर केंद्र का ठेकेदार से अनुबंध समाप्ति के प्रावधान है। ठेकेदार द्वारा चालाकी से विद्युत चोरी को अंजाम दिया जा रहा था और मीटर कनेक्शन भी अपने कर्मचारी के नाम से था मतलब साफ है चोरी भी चतुराई भी साथ साथ देखने मिली। लोक सेवा केंद्रों के संचालन के लिए राज्य सरकार द्वारा नियमावली निर्धारित मानक तय किये हैं जिसमें जुर्माने और गंभीर अनिमितताओं पर अनुबंध समाप्ति के प्रावधान हैं, यदि शासकीय परिसर में भी विद्युत चोरी जैसे संगीन मामले को लोक सेवा प्रबंधन विभाग कितनी गंभीरता से लेगा, देखना होगा कि जिला कलेक्टर द्वारा विद्युत मंडल की कार्यवाही उपरांत क्या विभागीय कार्यवाही की जाती है।

## दमोह में सक्रिय है गुहेरा गिरोह

**दमोह।** विगत दिवस रात्रि लगभग 7.30 बजे दो शातिर बदमाशों ने खराब नीयत से मोटर साइकिल से जाते हुए रोड से उछालकर जहरीला जंतु छिपकली जाती का खतरनाक गुहेरा दमोह के जबलपुर नाका आम चौपरा में पारसमणी इंटरप्राइजेज तराजू कांटे की दुकान पर उछालकर फेका। दुकान संचालक राकेश जैन पलंदी व उपस्थित व्यक्ति भय भीत होकर जान बचाकर इधर उधर भागे। ये पूरी घटना सी सी टी वी कैमरे में रिकार्ड हो गई है। पीड़ित पक्ष ने घटना की लिखित रिपोर्ट पुलिस चौंकी आम चौपरा जबलपुर नाका पर की है। जन चर्चा है कि गुहेरा पकड़ने वालों ने खतरनाक गिरोह बना लिया है, जो दुकान व घरों में जहरीला गुहेरा छोड़कर या फेंककर लोगों को डर-भय पैदाकर उनकी जान-माल से खिलवाड़ कर रहे हैं। लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर भयभीत व्यक्तियों से जहरीले गुहेरा को पकड़कर वापिस ले जाने के हजारों रुपया वसूल करते हैं। फिर उसी गुहेरा को अन्य जगह ले जाकर किसी और घर दुकान या व्यक्ति को टारगेट बनाते है। पुलिस ने यदि गुहेरा गिरोह को जल्द नहीं पकड़ा तो दमोह में ये बदमाश कई इंसानों की जान को खतरा बन सकते हैं।

## न्यायालय परिसर में युवक ने उठाया आत्मघाती कदम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कोर्ट परिसर में मंगलवार सुबह उसे समय सनसनी की हालत निर्मित हो गए जब एक युवक ने बड़ा आत्म घाती कदम उठाते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। हालांकि समय रहते ड्यूटी पर तैनात कोर्ट के मुंशी ने स्वयं मददगार बनकर युवक की जान बचा ली।

जानकारी के अनुसार प्रातः साढे 10 बजे दमोह जिला न्यायालय परिसर में जतिन चौरे निवासी होशंगाबाद ने खुद पर पेट्रोल डालकर और हाथ की नस काटकर आत्महत्या का असफल प्रयास किया। दरसल जतिन चौरे का भाई निखिल चौरे हिंडोरिया थाने में दर्ज अपराध क्रमांक 93/25 में 55 लाख रु के लोन की धोखाधड़ी के मामले में 08 महीनों से जेल में है, आत्महत्या का प्रयास करने वाले भाई जतिन उसके मामले में पैरो कारी करने दमोह आता है, लंबे समय से जमानत न मिलने और भाई के जेल में रहने और झूठा फसाए जाने से पीड़ति जतिन ने आज खुद को खत्म करने की ठान कर यह कदम उठाया। युवक द्वारा उठाए गए आत्मघाती प्रयास की चर्चा कोर्ट परिसर से बाहर निकल कर मीडिया की सुर्खियां बनते देर नहीं लगी। वही इस बात की चर्चाएं भी सर गरम रही की आखिर चर्चाओं में आने के लिए उसे यह सलाह किसने दी थी यह जांच का विषय है। क्योंकि जिस तरह से घटनाक्रम के लाइव वीडियो वायरल हुई उससे तो यही लगता है कि यह सब पूर्व प्लानिंग और पूर्व अरेंजमेंट से ही हुआ होगा।

सुबह का समय होने से ज्यादा बल कोर्ट परिसर में मौजूद नहीं था वहीं विशेष न्यायालय में मौजूद कोर्ट मुंशी आरक्षक वीरेंद्र गोस्वामी ने फुर्ती दिखाते हुए आत्महत्या का प्रयास करने वाले जतिन को पकड़ कर जान बचाई और डायल 100 को सूचना देकर बल बुलवाया। समय रहते अगर बचाया न जाता तो निश्चित ही जतिन कोर्ट परिसर में आत्मदाह कर लेता। हालांकि एक बड़ी घटना तो बच गई किंतु वही दूसरी ओर कोर्ट परिसर में सुरक्षा की कमी और ज्वलनशील पेट्रोल लेकर जाने को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह भी अंकित करती है।

## दो घरों में निकला कोबरा, टाइगर रिजर्व की टीम ने सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ा

**तेंदूखेड़ा।** बारिश के मौसम में जहरीले जीव-जंतु बिलों से निकलकर सड़कों पर नजर आ रहे हैं या फिर लोगों के घरों में घुस रहे हैं क्योंकि इन जीव-जंतुओं के बिलों में बारिश का पानी भरने से यह निकलकर सुरक्षित स्थान तलाश करते हैं। खासकर जंगली क्षेत्र से सटे इलाकों में सांप और बिच्छूओ का ज्यादा खतरा रहता है। मंगलवार को वीरांगना



दुर्गावती टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम ने दो अलग-अलग जगह से कोबरा सांप पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा है मामला रिजर्व के सर्रा रेंज के अंतर्गत सर्रा गांव का है जहां पर दो घरों में जहरीली कोबरा सांप दिखने से हड़कंप मच गया। कोबरा सांप को देख घर वालों की चीख निकल गई। पहली घटना सर्रा के कमलेश रजक के यहां की है। इनके घर में एक कोबरा सांप घुस गया था जिसके बाद कमलेश रजक ने सर्रा रेंज पहुंचकर वन विभाग की टीम को सांप होने की सूचना दी। जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर कोबरा सांप को पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया। दूसरी घटना राजेश पटेल के यहां पर भी एक विशालकाय कोबरा सांप घर में छिपकर बैठा हुआ है जैसे ही राजेश पटेल के परिजनों ने सांप को देखा तो घर में अफरातफरी मच गई। जिसके कारण अमले की टीम को सूचना दी गई।जहां मौके पर पहुंची टीम ने सांप को रेस्क्यू कर सुरक्षित पकड़ा और टाइगर रिजर्व के जंगल में छोड़ा गया। कमलेश रजक ने बताया एक जहरीला सांप खेतों या जंगल से निकलकर घर में घुस गया था। सांप को देखकर परिजन घबरा गए थे। आनन फानन में इसकी सूचना टाइगर रिजर्व के सर्रा वन विभाग की टीम को दी गई। जहां पर वनपाल जगराम प्रजापति सुरक्षा श्रमिक कैलाश पटेल सीताराम यादव ने दोनों स्थानों पर पहुंचकर सांपों को पकड़कर टाइगर रिजर्व के जंगल में छोड़ दिए हैं।

## राज्यमंत्री ने किसान भाईयों से की अपील

**दमोह।** पिछले कुछ दिनों से दमोह जिले के तेंदूखेडा में खाद की कमी की स्थिति बनी हुई थी। इस संबंध में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंसाना जी से चर्चा की, उनके द्वारा संज्ञान में लेकर तत्काल उनके द्वारा खाद की अतिरिक्त खेप भेजी गई है।उन्होंने कहा जिला प्रशासन द्वारा 7 अगस्त, 8 अगस्त और 11 अगस्त को तेंदूखेडा में खाद का वितरण किया जायेगा, इसके लिए 22 सौ कूपन वितरित किये गये हैं। 07 अगस्त को 800 कूपन, 8 अगस्त को 800 कूपन तथा 11 अगस्त को 600 कूपन पर खाद वितरित किया जायेगा।खाद का वितरण 07 अगस्त को प्रातः 07 बजे से प्रारंभ किया जायेगा तथा 800 कूपन पूरे होने पर बंद किया जायेगा। 01 कूपन पर 02 बोरी खाद दिया जायेगा। किसान भाई खाद लेने के लिए जब आएं तो आधारकार्ड अथवा बही साथ लेकर आएं। खाद स्वयं किसान या उनसे रक्त संबंधी को ही प्रदान किया जायेगा। राज्यमंत्री श्री लोधी ने किसान भाईयों से अपील है कि 07 अगस्त को कूपन संख्या 01 से लेकर 800 तक के किसान ही खाद लेने आयें, जिससे कि अनावश्यक भीड़ न हो, इसी तरह 08 अगस्त को कूपन संख्या 801 से 1600 तक तथा 11 अगस्त को कूपन संख्या 1601 से 2200 तक के किसान ही खाद लेने आएं। उन्होंने किसान भाईयों से कहा खाद विक्रय हेतु प्रशासन द्वारा तीन काउंटर निजी खाद विक्रेतायों के भी लगाये गये हैं, जो सरकारी रेट पर ही खाद बेचेंगे, कूपनधारी किसान भाई चाहें तो भीड़ से बचने के लिए निजी विक्रेताओं से भी खाद खरीद सकते हैं।

## रानी अवंती बाई लोधी जयंती की तैयारियां शुरू



**बनवार।** बांदकपुर के घनश्याम पैलेस में लोधी समाज की बैठक आयोजित हुई। जिसमें लोधी समाज के जिला अध्यक्ष भाव सिंह लोधी ने सर्वप्रथम रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बैठक में 16 अगस्त को होने वाले रानी अवंती बाई लोधी की जयंती और विशाल तिरंगा यात्रा सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम की चर्चा की गई। दमोह शहर के तहसील मैदान में सुबह 11 बजे सभी एकत्रित होंगे और तिरंगा यात्रा के माध्यम से नगर भ्रमण करते हुए जटाशंकर स्थित वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी की प्रतिमा स्थल के समीप मंचीय और सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में नृत्य आदि माध्यम से रानी अवंती बाई लोधी की वीर गाथाओं पर प्रकाश डाला जाएगा। लोधी समाज बांदकपुर मंडल अध्यक्ष भारत सिंह लोधी और युवा लोधी समाज महासभा बांदकपुर मंडल अध्यक्ष यशपाल सिंह लोधी को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन पप्पू सिंह लोधी ने किया। इस अवसर पर पूर्व पटवारी खिलान रियाना सरपंच दर्शन सिंह लोधी, पिपरिया टिकरी सरपंच प्रतिनिधि तखत सिंह, मुंडारी सरपंच मुकेश सिंह लोधी, खड़ेरा सरपंच प्रतिनिधि हीरा सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्ति को उपस्थित रहे।

## गणेश उत्सव तथा दुर्गा उत्सव पर्वों पर पीओपी की मूर्तियों पर प्रतिबंध

**दमोह।** दमोह जिले में आगामी माहों में गणेश उत्सव तथा दुर्गा उत्सव पर्वों पर मूर्तिकारों द्वारा मिट्टी/प्लास्टर ऑफ पैरिस (पीओपी) का उपयोग कर मूर्तियां तथा विभिन्न प्रकार की सजावटी सामग्री तैयार की जाती हैं। मूर्तियों के विसर्जन के कारण नदियों, तालाबों एवं जल स्रोतों की जल गुणवत्ता प्रभावित होती है, जो पर्यावरण के लिये हानिकारक है। इसी उद्देश्य को लेकर जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने तत्संबंध में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी मूर्ति विसर्जन मार्गदर्शिका में दिये गये मुख्य बिन्दुओं के अनुसरण में दमोह जिले अंतर्गत आगामी गणेश उत्सव तथा दुर्गा उत्सव पर्वों पर प्लास्टर ऑफ पैरिस (पीओपी) की मूर्तियों का निर्माण संग्रहण एवं विक्रय तथा नॉन बायो डिग्रेडेबल रासायनिक रंग/ऑयल पेंटस का उपयोग भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये प्रतिबंधित किया है। उक्त जारी आदेश का उल्लंघन/चूक करने पर दोषी व्यक्ति/समूहों के विरूद्ध अन्य अधिनियमों के साथ-साथ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। जारी आदेश में कहा गया है मूर्तियों का निर्माण प्राकृतिक और बायो डिग्रेडेबल मटेरियल से तथा सजावट हेतु प्राकृतिक रंग/डाई एवं बायो डिग्रेडेबल सामग्री का उपयोग किया जाये। सिंगल यूज प्लास्टिक, थर्मोकोल सामग्री, नॉन बायो डिग्रेडेबल रासायनिक रंग/ऑयल पेंटस, का उपयोग प्रतिबंधित है। केवल वाटर बेस्ड बायो डिग्रेडेबल रंग का उपयोग मूर्ति एवं सजावट की सामग्री में किया जा सकेगा। केवल पर्यावरण हितैषी सामग्री से मूर्ति का निर्माण किया जाये। उन्होंने कहा अनुविभागीय दण्डाधिकारी दमोह, हटा, तेन्दूखेड़ा, पथरिया सुनिश्चित करेंगे कि आदेश के प्रभावशील होने उपरांत नगरीय/ नगरेत्तर क्षेत्र में किसी भी मूर्ति विनिर्माताओं/निर्माता अथवा शिल्पकारों या कारीगरों द्वारा पीओपी से मूर्तियों का निर्माण न किया जाए। शीघ्र जाँच दल गठित कर भण्डारण का परीक्षण किया जाये। आदेश की सूचना सर्वसंबंधित जनता को पूरे क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्रों द्वारा दी जाये एवं आदेश की एक-एक प्रति आम जनता की सूचना के लिए पुलिस थानों के नोटिस बोर्ड एवं अन्य सह दृष्टिगोचर सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कराई जाये।

## विधि विधान से किया रूद्राभिषेक पूजन अर्चन



**दमोह।** श्री शिव हनुमान मंदिर जेल लाइन दमोह मैं चल रहे श्रावण मास के पावन पर्व मैं प्रतिदिन असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण मैं श्रावण मास के अंतिम सोमवार को अनेकों शिव भक्तों के साथ मुख्य यजमान मन्दिर अध्यक्ष पण्डित कमलेश भारद्वाज जी के द्वारा प्रातः काल से ही बड़े ही विधि विधान के साथ शिवलिंग निर्माण कर रुद्राभिषेक पूजन अर्चन किया गया। इसी बीच मन्दिर पुजारी आचार्य संजय गौतम ने बताया कि श्रावण मास बड़ा ही पावन पवित्र मास है शिव जी की भक्ति का श्रावण मास मैं ही माता पार्वती ने वन में घोर तपस्या करके भगवान शिव को प्रसन्न किया था। तब माता पार्वती को शिव जी की पति रूप मैं प्राप्ति हुई थी। माता पार्वती ने वन मैं रहकर शिव जी का विलपत्र भाँग धतूरा आक के पुष्प से पूजन अर्चन किया था। पौराणिक कथा के अनुसार जब समुद्र मंथन हुआ तो समुद्र मंथन से सर्वप्रथम घोर हलाहल विष निकला जो राछसों के साथ साथ देवताओं में भी पान करने की शक्ति नही थी सम्पूर्ण ब्रह्मांड की छति हो सकती थी। तब जाकर समस्त देवताओं और राक्षसों ने महादेव से विनती की इस समस्या के निवारण हेतु भगवान भोलेनाथ ने समुद्र मंथन से निकले हलाहल को पान किया और कण्ठ मैं रख लिया। उससे उनका कण्ठ नीला पड़ गया। हलाहल से शीतलता के लिये समस्त देवताओं शिवजी का जलाभिषेक किया और उनके लिये ठंडक के लिये भांग को कण्ठ में लगाया था तब से भगवान शिव को भाँग प्रिय है। आचार्य संजय गौतम ने बताया कि प्रतिवर्ष पूरे श्रावण के महीने भर विधिविधान से रुद्राभिषेक होता है । समस्त भक्त एवं मन्दिर अध्यक्ष समिति सदस्य जन रुद्राभिषेक करते हैं । दिनाँक 8 अगस्त शुक्रवार को रुद्रभिषेक हवन पूजन प्रसादी के साथ समापन होगा ।

## जिला बदल आरोपी को किया गिरफ्तार



**दमोह।** पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में लगातार नोहटा थाना के द्वारा आरोपियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 05 अगस्त 25 को थाना प्रभारी नोहटा अभिषेक पटेल द्वारा जिला बदर के आरोपी अरबाज पिता जुम्मन खान निवासी नोहटा को जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करने पर गिरफ्तार न्यायालय पेश किया गया l आरोपी को माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेजा गयाlआरोपी को पकड़ने में asi नागेंद्र परिहार,प्रधान आरक्षक कामता, प्रधान आरक्षक जितेंद्र यादव,प्रधान आरक्षक दीपक ठाकुर की भी भूमिका रही।

### नये प्रभार लिये सचिव को कोई आदेश नहीं

## निलंबित सचिव बहाल, उसी पंचायत में पदस्थी के आदेश

**पटेरा।** पटेरा जनपद पंचायत में मनमानी का आलम व्याप्त है। यहां सचिव को निलंबित कर बहालत कर पुनः उसी पंचायत में पदस्थी का आदेश विशेष चर्चाओं में है। जबकि अभी हाल ही में प्रभार लेने वाले सचिव के लिये कोर्ट आदेश नहीं है जिससे अब पंचायत में दो दो सचिव कार्य करेंगे। सरपंच ने पुनः पदस्थापना का विरोध भी जताया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सिंगपुर में पदस्थ सचिव प्रहलाद खंगार को 13 मई 2025 को समग्र ई के वाय सी में प्रगति न होने पर निलंबित कर दिया था। उनके स्थान पर नये सचिव परसराम कुर्मी ने प्रभार भी ग्रहण कर कार्य शुरू कर दिया था। परंतु अचानक एक अगस्त को जनपद सीईओ हलधर मिश्रा ने एक आदेश जारी कर प्रहलाद खंगार के आरोप पत्र के जवाब से संतुष्ट होते हुये न केवल बहाल किया बल्कि उसी पंचायत में पदस्थी आदेश जारी कर दिया। मजेदार बात यह है कि उक्त निलंबन अवधि को भी कार्य अवधि मानने की बात भी उसी आदेश में कही गई है जिससे यहां चर्चाओं का बाजार गर्म है। सरपंच ने पुनः पदस्थापना का विरोध प्रकट किया है। वहीं प्रभार लिये सचिव परसराम कुर्मी को कोई नया आदेश नहीं दिया है जिससे दो दो सचिव सिंगपुर पंचायत में कार्य करेंगे।

## मां ब्यारमा के जल से हुआ महादेव का अभिषेक



**रनेह।** सावन के आखिरी सोमवार को ग्राम बंधा में धर्म की गंगा प्रवाहित हुई सावन के अंतिम सोमवार को समीपस्थ ग्राम बंधा में शिवभक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। श्रद्धा, आस्था और भक्ति से ओतप्रोत ग्रामवासियों ने ब्यारमा नदी से कांवड़ में पवित्र जल भरकर पूरे गांव में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली। हर-हर महादेव के जयघोषों से गांव का वातावरण शिवमय हो उठा। शिवभक्तों का यह भव्य कारवां हनुमान मंदिर एवं गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए आदिवासी मुहल्ले में स्थित माता रानी मां जगत जननी बड़ी मैया के चरणों में नमन करते हुए खैर माता के दरबार में नमन करते हुए हमारे निवास बगीचे में बिराजे स्वयं भू शंभू भोले नाथ के दरबार में पहुंचा, जहां पंडित शिवम गर्ग द्वारा भोलेनाथ का विधिवत रुद्राभिषेक एवं जलाभिषेक कराया गया। जयकारों की गूंज और वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। सैकड़ों की संख्या में शामिल ग्रामीणों ने अनुशासन, श्रद्धा और समर्पण की मिसाल पेश की। यह आयोजन न केवल शिवभक्ति का प्रतीक बना, बल्कि ग्रामवासियों की एकजुटता और सांस्कृतिक चेतना का गौरवपूर्ण प्रदर्शन भी रहा।


## कार्यालय नगर परिषद पटेरा जिला - दमोह (म.प्र.)

क्रमांक/न.पा./राजस्व/2025/1085 **दुकानों आबंटन हेतु द्वितीय ई- ऑफर सूचना** पटेरा, दिनॉक 01.08.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर परिषद पटेरा द्वारा नीचे लिखे अनुसार दुकानों का यह आवंटन म.प्र. नगरपालिका (अचल संपत्ति का अंतरण) नियम 2016 एवं नगर परिषद पटेरा की आबंटन शर्ते किरायेदारी के आधार पर किया जाना है। जिस हेतु ऑनलाइन ऑफर दिनांक 18.08.2025 को सायं 5:30 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर आई.डी.क्रं. | काम्प्लेक्स का नाम | आरक्षित वर्ग | दुकान की साईज (मीटर में) | दुकान क्रमांक | न्यूनतम ऑफर राशि | निविदा अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_UAD _441799_1 | संकट मोचन के सामने कॉजी हाउस पटेरा शॉपिंग कॉम्पलेक्स | अनुसूचित जन जाति | 3.00X3.20 | 09 | 586474/- | 58648/- | 2000/- |

1. टेण्डर डाक्यूमेंट दिनांक 02.08.2025 को समय प्रातः 10:30 से दिनांक 18.08.2025 को समय शाम 05:30 तक सिर्फ ऑनलाइन बेवसाइट https://mptenders.gov.in द्वारा Directorate Urban Administration and Development के अंतर्गत क्रय किये जा सकते है। ऑनलाइन मेन्डेटरी दस्तावेज दिनांक 20.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे से खोले जावेगे । 2. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर सिर्फ ऑनलाइन बेवसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नही । 3. उपरोक्त कॉलम में दर्षित न्यूनतम ऑफर राशि एवं निविदा अमानत राशि पृथक-पृथक दुकान वार रहेगी। 4. ऑफर स्वीकृति / अस्वीकृत का अधिकार परिषद के पास सुरक्षित रहेगा। जिस पर कोई बाददायर नहीं किया जा सकेगा। 5. अन्य जानकारी नगर पालिका कार्यालय के राजस्व शाखा में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला - दमोह म.प्र.**